# COMPETENCY FOCUSED PRACTICE QUESTIONS

Hindi | Grade 6

**2025**

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING, HARYANA
AND
EDUCATIONAL INITIATIVES

## Index


| | | |
|---|---|---|
| 1 | Director’s Message | 3 |
| 2 | Foreword | 4 |
| 3 | Questions Bank | 5 |
| 4 | Marking Scheme | 26 |

# Director's Message



यहां दिसंबर 2024 में आयोजित आकलन निर्माण कार्यशालाओं के दौरान शिक्षकों और डाइट (DIET) संकाय सदस्यों द्वारा बनाए गए प्रश्न संकलित किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम और मूल्यांकन लक्ष्यों के अनुरूप कक्षा-उपयोगी, दक्षता-आधारित प्रश्न तैयार करना है।

मैं इस संसाधन को संभव बनाने वाले सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि यह पूरे राज्य के शिक्षकों के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित होगा।

**Sh. Samwartak Singh, HCS**
Director, SCERT Haryana

## Foreword

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला इस क्षमता में निहित है कि हम उन पहलुओं का मूल्यांकन कर सकें जो वास्तव में महत्वपूर्ण हैं — जैसे कि विद्यार्थियों की वैचारिक समझ और वास्तविक जीवन के संदर्भों में ज्ञान के अनुप्रयोग की क्षमता। इसी उद्देश्य के अनुरूप, हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), *Educational Initiatives (Ei)* के सहयोग से, यह सुविचारित *आइटम बैंक* प्रस्तुत करते हुए गर्व की अनुभूति कर रही है, जिसका उद्देश्य अधिक सारगर्भित, निदानात्मक (diagnostic) एवं अधिगम-उन्मुख (learning-oriented) मूल्यांकन को प्रोत्साहित करना है।

यह *आइटम बैंक* कक्षा-स्तरीय मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसमें रटंत शैली से आगे बढ़ते हुए ऐसे प्रश्न शामिल किए गए हैं जो विद्यार्थियों की अवधारणात्मक गहराई को उजागर करते हैं। ये प्रश्न वैज्ञानिक शैक्षणिक प्रक्रियाओं के माध्यम से विकसित किए गए हैं, तथा राज्य के अधिगम प्रतिफलों (learning outcomes) और पाठ्यक्रम की प्रमुख अवधारणाओं के साथ पूर्णतः संरेखित (aligned) हैं।

यह संसाधन शिक्षकों, प्रश्नपत्र निर्माताओं एवं शैक्षणिक योजनाकारों के लिए एक व्यवहारिक उपकरण के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा, जो उच्च गुणवत्ता वाले मूल्यांकन निर्माण को सक्षम बनाएगा। यह मूल्यांकन न केवल प्रतिबिंबन (reflection) और प्रतिपुष्टि (feedback) को बढ़ावा देगा, बल्कि अधिगम में निरंतर सुधार को भी संभव बनाएगा। इसके माध्यम से राज्य एक अधिक सशक्त, सुसंगत और अधिगम-समर्थ मूल्यांकन प्रणाली की दिशा में अग्रसर हो सकेगा — जो शिक्षण को निर्देशित करे, पुनःशिक्षण (remediation) में सहायता प्रदान करे और शैक्षिक प्रणाली में समग्र सुधार सुनिश्चित करे।

हम इस *आइटम बैंक* के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विषय विशेषज्ञों, SCERT की समर्पित टीमों और Ei के मूल्यांकन विशेषज्ञों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह *आइटम बैंक* हरियाणा की मूल्यांकन-आधारित अधिगम सुधार यात्रा में एक प्रभावी और स्थायी साधन सिद्ध होगा।

## Grade 6 Hindi Competency Mapping

| Competency Number | Competency Description | Competency linked Question |
|---|---|---|
| HIN 603 | विद्यार्थी किसी कहानी का संक्षेप / पद कर उसका सार बता सकते हैं, निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं, प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। | Q35, Q36, Q37, Q38, Q39 |
| HIN 606 | विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पाठ्य सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं। | Q13, Q14, Q15, Q16, Q17, Q18 |
| HIN 608 | विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।) | Q1, Q2, Q3, Q4, Q5, Q6, Q7, Q8, Q9, Q10, Q11, Q12, Q19, Q20, Q21, Q22, Q23, Q24, Q25, Q26, Q27, Q28, Q29, Q47, Q48, Q49, Q50 |
| HIN 613 | विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, उपसर्ग, प्रत्यय संधि का संदर्भ/वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। | Q51 |
| HIN 614 | विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं। | Q33, Q34, Q44, Q46, Q53, Q54 |
| HIN 615 | विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं। | Q30, Q40, Q41, Q42, Q43, Q45, Q52, Q55 |
| HIN 616 | विद्यार्थी सरल मुहावरों को संदर्भ में समझकर उनका वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं। | Q31, Q32 |

| Serial No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |

नीचे दिए गद्यांश के उत्तर देते हुए पूरा करें।

**<u>सबसे अच्छा कौन</u>**

अकबर ने बीरबल की गैरमौज़ूदगी में दरबारियों से कुछ प्रश्न पूछे,
"फूल- किसका अच्छा?
दूध- किसका अच्छा?
मिठास- किसकी अच्छी?
पत्ता- किसका अच्छा?
राजा- **(1)** ---------- अच्छा?"

सभी दरबारियों ने अपनी-अपनी बुद्धि **(2)** ----------- हिसाब से उत्तर दिए। किसी ने कमल, किसी ने गुलाब का फूल अच्छा बताया। किसी ने गाय व बकरी के दूध को अच्छा बताया। किसी ने केले व नीम के पत्ते को उपयोगी बताया, पर राजा तो सब ने एक स्वर में बादशाह सलामत को ही बताया।

अकबर खुश तो हुए, पर पूरी तरह **(3)** ---------- नहीं हुए। उन्होंने बीरबल से कहा कि वह भी इन सवालों के जवाब दे।

बीरबल ने अपने उत्तर दिए,
"फूल- कपास का सबसे अच्छा होता है, क्योंकि उससे कपड़े बनते हैं।
दूध- अपनी माता का सर्वश्रेष्ठ होता है, इसी से बच्चे के शरीर को पूरा पोषण **(4)** ----------।
मिठास- वाणी की सबसे अच्छी **(5)** ----------।
पत्ता- पान का अच्छा होता है, क्योंकि इसको देने से दुश्मन भी मित्र बन जाते हैं।
राजा- इन्द्र सबसे अच्छे हैं, क्योंकि **(6)** ----------- आज्ञा से ही बादल बारिश देते हैं, जिससे पृथ्वी का जीवन चक्र चलता है।"

कहने की ज़रूरत नहीं कि सबसे अच्छे उत्तर बीरबल के थे, जिन्हें बादशाह अकबर ने अपनी प्रसन्नता का इनाम दिया।

स्रोत: 'सबसे अच्छा कौन' - http://baaludyan.hindyugm.com/2010/03/blog-post_06.html (संपादित)

1 खाली जगह के लिए सही विकल्प चुनें। 1

(A) कब
(B) कहाँ
(C) किसे
(D) कौन

(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

2 खाली जगह के लिए सही विकल्प चुनें। 1

(A) को
(B) की
(C) के
(D) का


(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 3 | खाली जगह के लिए सही विकल्प चुनें।<br>(A) संक्षिप्त<br>(B) स्वस्थ<br>(C) स्वच्छ<br>(D) संतुष्ट<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्‌यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्‌यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 4 | खाली जगह के लिए सही विकल्प चुनें।<br>(A) मिलेगा<br>(B) मिलता है<br>(C) मिलता था<br>(D) मिल रहा है<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 5 | खाली जगह के लिए सही विकल्प चुनें।<br>(A) बोलती है<br>(B) बोलता है<br>(C) होती है<br>(D) होता है<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 6 | खाली जगह के लिए सही विकल्प चुनें।<br>(A) उनकी<br>(B) उसकी<br>(C) उनके<br>(D) उसके<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

नीचे दी गई कहानी को पढ़कर उत्तर दें।

**<u>ए.सी. का पेड़</u>**



अविनाश बचपन की छुट्टियों में प्रायः नानी के घर जाता था। सारे बच्चे एक कमरे में ही खेलते-कूदते और वहीं रात को सो जाते। घर की दूसरी मंज़िल पर बने इस कमरे की खिड़की बाहर एक चौड़ी गली में खुलती थी। सूरज की तेज़ किरणें सीधी कमरे में आती थीं, जिससे कमरा सारा दिन तपता रहता था। ए.सी. न चलाओ तो कमरा एक <u>भट्टी</u> की तरह गर्म हो जाता था।

सालों-साल यह सिलसिला चलता रहा। उसके बाद अविनाश पढ़ने के लिए बाहर चला गया। अपनी पढ़ाई पूरी करके जब वह फिर से नानी के पास रहने के लिए आया तो उसी कमरे में ठहरा। यह समय भी गर्मियों का ही था। अविनाश को जब उस कमरे की गर्मी याद आई तो वह घबरा गया। फिर थोड़ी ही देर में उसने महसूस किया कि ए.सी. या कूलर न चलने के बावज़ूद कमरे में गर्मी नहीं थी। उसने नानी से कहा, "नानी, इस कमरे में तो बहुत गर्मी होती थी, लेकिन आज तो गर्मी नहीं लग रही है।" नानी ने कहा, "इसका कारण भी तुम ही हो।" "मैं?", अविनाश ने आश्चर्य से पूछा।

सहसा अविनाश का ध्यान खिड़की के बाहर गया, तो उसने देखा कि वहाँ एक खूब घने पेड़ की टहनियाँ हवा में झूम रही हैं। वह खिड़की के पास गया और वहाँ गली में एक विशाल वृक्ष को झूमते हुए देखकर हैरान रह गया। नानी ने पूछा, "कुछ याद आया?" "हाँ, नानी याद आ गया", इतना कहकर अविनाश अपने बचपन के दिनों में खो गया, जब उसे गमले में एक अजनबी-सा पौधा दिखाई पड़ा था। जब उसने नानी से उस पौधे के बारे में पूछा था, तो नानी ने बताया, "<u>यह तो जामुन का पेड़ है। यह पेड़ जब बड़ा होगा, तो न केवल इस पर खूब जामुन लगेंगे, बल्कि यह छाया भी देगा।</u>"

"तब तो हम इस पेड़ की खूब देखभाल करेंगे", अविनाश ने नानी से कहा।

"लेकिन इतना बड़ा पेड़ गमले में नहीं होता", नानी ने कहा। अविनाश ने अन्य बच्चों की मदद से उस पेड़ को गमले से निकाला और अपने कमरे की खिड़की के ठीक सामने दीवार के पास ज़मीन पर लगाने लगा, तो नानी ने कहा, "पेड़ को फैलने के लिए काफ़ी जगह चाहिए, इसलिए इसे दीवार से कम से कम तीन-चार मीटर की दूरी पर लगाओ।" बच्चों ने वैसा ही किया।

"कुछ सालों में ही यह पेड़ दूसरी मंज़िल पर बने कमरे की खिड़की से भी ऊपर चला गया है और इस पेड़ की घनी छाया कमरे ही नहीं, पूरे घर की दीवारों पर रहती है। जिससे गर्मियों में पूरा घर ठंडा बना रहता है", नानी ने आगे कहा।

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | यह सब सुनकर अविनाश ने मन-ही-मन फैसला कर लिया कि वह अपने नए घर के आस-पास भी खूब पेड़-पौधे लगाएगा। | |
| 7 | अविनाश जिस कमरे में रहता था, वह सारा दिन क्यों तपता रहता था?<br>(A) क्योंकि कमरे की खिड़की चौड़ी गली में खुलती थी।<br>(B) क्योंकि सूरज की किरणें सीधी कमरे में आती थीं।<br>(C) क्योंकि कमरा दूसरी मंज़िल पर था।<br>(D) क्योंकि कमरे की खिड़की छोटी थी।<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 8 | इनमें से '<u>भट्टी</u>' शब्द का सही <u>अर्थ</u> क्या है?<br>(A) गर्म छत<br>(B) गर्म फर्श<br>(C) एक तरह का चूल्हा<br>(D) एक तरह का बिस्तर<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 9 | "लेकिन इतना बड़ा पेड़ गमले में नहीं होता" - नानी ने ऐसा क्यों कहा?<br>(A) क्योंकि नानी बच्चों को काम पर लगाए रखना चाहती थीं।<br>(B) क्योंकि उस पौधे को फैलने के लिए जगह चाहिए थी।<br>(C) क्योंकि वह पौधा गमले में फल नहीं देता था।<br>(D) क्योंकि नानी के पास बड़े गमले नहीं थे।<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 10 | *"यह तो जामुन का पेड़ है। यह पेड़ जब बड़ा होगा, तो न केवल इस पर खूब जामुन लगेंगे, बल्कि यह छाया भी देगा।"*<br><br>इस पंक्ति के आधार पर इनमें से कौन-सी **<u>कहावत</u>** सही होगी?<br><br>(A) एक तो करेला, उस पर नीम चढ़ा<br>(B) एक अनार, सौ बीमार<br>(C) एक और एक ग्यारह<br>(D) एक पंथ, दो काज<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 11 | नानी ने अविनाश को क्या याद दिलाया?<br>(A) उसके बचपन में पेड़ लगाने की एक घटना के बारे में<br>(B) उसके बचपन की गर्मियों की छुट्टियों के बारे में<br>(C) उसके कमरे के ए.सी. और कूलर के बारे में<br>(D) उसके कमरे की तपने वाली गर्मी के बारे में<br><br>(HIN608: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 12 | पूरी घटना से अविनाश के मन पर क्या असर पड़ा?<br>(A) उसने ए.सी. का प्रयोग बंद करने का निर्णय लिया।<br>(B) उसने कभी भी बड़े पेड़ न लगाने का निश्चय किया।<br>(C) उसने अपने घर पर खूब पेड़-पौधे लगाने का संकल्प किया।<br>(D) उसने कभी भी दूसरी मंज़िल पर घर न बनाने का निर्णय लिया।<br><br>(HIN608:**दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

नीचे दिए गए पोस्टर और तालिका को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**समर कैंप**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|




अप्रैल बैच- रु 4,500/-,
मई बैच- रु 4,500/-,
साप्ताहिक बैच- रु 1,500/-
समय- सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 तक

| दिनांक | पहला सप्ताह | बाग़बानी | समय | शारीरिक अभ्यास | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 4-4-16 से 8-4-16 | पहला दिन | पौधों को पानी देना | प्रातः 9:30 से 11:00 | फुटबाल और बोर्ड गेम्स | प्रातः 11:00 से दोपहर 12:30 बजे तक |
| | दूसरा दिन | अंडे के छिलकों में छोटे पौधे उगाना | | | |
| | तीसरा दिन | झूलने वाली फूलों की टोकरियाँ बनाना | | | |
| | चौथा दिन | बगीचे के लिए बेंच व सीटें बनाना | | | |
| | पाँचवाँ दिन | पिछले दिनों की तैयारी के अनुसार एक छोटा बगीचा तैयार करना | | | |
| **दिनांक** | **दूसरा सप्ताह** | **शेल्टर बनाना** | **समय** | **शारीरिक अभ्यास** | **समय** |
| 11-4-16 से 15-4-16 | पहला दिन | चिड़िया का घर बनाना | प्रातः 9:30 से 11:00 | क्रिकेट और बोर्ड गेम्स | प्रातः 11:00 से दोपहर 12:30 बजे तक |
| | दूसरा दिन | अस्तबल बनाना | | | |
| | तीसरा दिन | कुत्ते का घर बनाना | | | |
| | चौथा दिन | स्नो-मैन का घर बनाना | | | |
| | पाँचवाँ दिन | टीम के साथ मिलकर, सभी घरों को साथ में सजाना | | | |
| **दिनांक** | **तीसरा सप्ताह** | **स्कूल की बिल्डिंग बनाना** | **समय** | **शारीरिक अभ्यास** | **समय** |
| 18-5-16 से 22-5-16 | पहला दिन | खेल का मैदान बनाना | प्रातः 9:30 से 11:00 | टेबल टेनिस और बोर्ड गेम्स | प्रातः 11:00 से दोपहर 12:30 बजे तक |
| | दूसरा दिन | लाइब्रेरी बनाना | | | |
| | तीसरा दिन | कक्षाएँ बनाना | | | |
| | चौथा दिन | म्यूज़िक-रूम बनाना | | | |
| | पाँचवाँ दिन | ऊपर बनाए गए सभी मॉडलों को साथ में रखकर अपना छोटा स्कूल बनाना | | | |
| **दिनांक** | **चौथा सप्ताह** | **नन्हे रसोइए** | **समय** | **शारीरिक अभ्यास** | **समय** |
| 25-5-16 से 29-5-16 | पहला दिन | सब्जियों का सलाद बनाना | प्रातः 9:30 से 11:00 | बैडमिंटन और बोर्ड गेम्स | प्रातः 11:00 से दोपहर 12:30 बजे तक |
| | दूसरा दिन | फलों का सलाद बनाना | | | |
| | तीसरा दिन | चीज़ का सैंडविच बनाना | | | |
| | चौथा दिन | आइसक्रीम बनाना | | | |
| | पाँचवाँ दिन | ऊपर सिखाई गई सारी चीज़ें बनाकर लाना और पिकनिक का आयोजन करना | | | |

**निगली प्राइमरी स्कूल, #2,3 & 4, सेंट जॉन्स चर्च के सामने, पाँचवाँ क्रॉस, नागप्पा रेड्डी लेआउट, आकाश नगर, ए. नारायणपुरा, बैंगलौर-** 560016 | **संपर्क-** 9449818450, www.nigli.in

13 अस्तबल बनाने का काम किस सप्ताह में किया गया? 1

(A) पहले सप्ताह में
(B) दूसरे सप्ताह में
(C) तीसरे सप्ताह में
(D) चौथे सप्ताह में

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **(HIN606: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पठन सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।)** | |
| 14 | चौथे सप्ताह में, बैडमिंटन और बोर्ड गेम्स कुल कितने दिन खेले गए?<br>(A) एक दिन<br>(B) दो दिन<br>(C) तीन दिन<br>(D) पाँच दिन | 1 |
| | **(HIN606: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पठन सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।)** | |
| 15 | कैम्प में 25 मई से 29 मई के बीच, इनमें से क्या बनाया गया?<br>(A) सलाद<br>(B) लाइब्रेरी<br>(C) स्नो मैन<br>(D) म्यूज़िक रूम | 1 |
| | **(HIN606: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पठन सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।)** | |
| 16 | इनमें से कौन-सा जोड़ा **<u>सही</u>** है?<br>(A) चिड़िया का घर बनाना - पहला सप्ताह, सभी दिन<br>(B) टेबल टेनिस खेलना - पहला सप्ताह, दूसरा दिन<br>(C) आइसक्रीम बनाना - चौथा सप्ताह, चौथा दिन<br>(D) क्रिकेट खेलना - चौथा सप्ताह, तीसरा दिन | 1 |
| | **(HIN606: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पठन सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।)** | |
| 17 | बच्चों को 'बाग़बानी' किस महीने में सिखाई गई थी?<br>(A) मई के महीने में<br>(B) अप्रैल के महीने में<br>(C) मई और अप्रैल, दोनों में<br>(D) किसी भी महीने में नहीं | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **(HIN606: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पठन सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।)** | |
| 18 | तालिका के अनुसार, समर कैम्प एक दिन में कुल कितने घंटों का था?<br>(A) 1 घंटे का<br>(B) 2 घंटे का<br>(C) 3 घंटे का<br>(D) 4 घंटे का | 1 |

**(HIN606: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर की विभिन्न पठन सामग्री जैसे अखबार, सूचनाएँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, निर्देश को पढ़ते हुए लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और उसके बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।)**

नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**<u>विनम्रता का महत्त्व</u>**

एक गाँव में एक बहुत बड़ा ज़मींदार रहता था। वह ग़रीबों की मदद करता था और ईश्वर को पूजता था। गाँव वाले भी उसकी बड़ी इज़्ज़त करते थे। एक बार उसके पास कई आदमी बैठे हुए थे कि तभी उसका बेटा सुभाष वहाँ आया और बोला, "मदन नाम के लड़के ने मुझे बहुत गंदी गालियाँ दी हैं। मुझे बहुत बुरा लगा। आप उसे डाँटो।"

लोग जो वहाँ बैठे थे, अपने-अपने ख़्याल के मुताबिक बोलने लगे। किसी ने कहा, "उसे सज़ा देनी चाहिए।"

किसी ने कहा, "उसकी पिटाई करनी चाहिए।"

यानी कि हर आदमी ने अपनी-अपनी सलाह दी। मगर ज़मींदार ने अपने लड़के को कहा, "कल अगर वही लड़का मदन तुम्हें मिले तो, तुम उसको हाथ जोड़ कर कहना- 'भैया, तुमने जो गालियाँ मुझे कल दी थीं, आज फिर दो। तुम बहुत अच्छे लड़के हो।' फिर जो वह कहे, मुझे बताना।"

सबके सब यह बात सुन कर हैरान हो गए। दूसरे दिन सुभाष स्कूल गया और मदन से मिला। उसने मदन से कहा, "भैया, आप बड़े ही अच्छे लड़के हो, जो गालियाँ मुझे कल दी थीं, आज भी दो।"

मदन शर्मिंदा हो गया और उसने सुभाष के पाँव छूकर, कान पकड़ कर माफ़ी माँगी। इस पर दोनों आपस में गले मिल गए।

ये सारी बातें उसने जाकर अपने पिता को बताईं। पिता ने खुश होकर उससे कहा, "देखो बेटा! अगर तुम उसे गाली देते, तो दोनों में झगड़ा बढ़ जाता और अगर तुम उसे सज़ा देते या दिलवाते, तो वह तुम्हारा दुश्मन बन जाता। अब वह तुम्हारा दोस्त बन गया है।" वे फिर बोले, "बेटा! इस बात को गाँठ बाँध लो कि दूसरों के सामने खुद को विनम्र बनाने से ही आदमी बड़ा बनता है।"

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | सुभाष सारी बात समझ गया कि ख़ुद को विनम्र बनाने से ही वह मदन की नज़रों में आदर पा गया था। | |
| 19 | सुभाष को किस बात का बुरा लगा था?<br>(A) पिता के पास कई लोगों का बैठा होना<br>(B) सब का अपनी-अपनी सलाह देना<br>(C) पिता का मदन को सज़ा न देना<br>(D) मदन का सुभाष को गाली देना<br><br>(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 20 | "भैया, आप बड़े ही अच्छे लड़के हो, जो गालियाँ मुझे कल दी थीं, आज भी दो।"<br><br>यह वाक्य कहानी में किसने किससे कहा?<br>(A) मदन ने सुभाष से<br>(B) सुभाष ने मदन से<br>(C) ज़मींदार ने मदन से<br>(D) गाँव के लोगों ने सुभाष से<br><br>(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 21 | ज़मींदार ने जो सलाह सुभाष को दी, उसका क्या असर हुआ?<br>(A) मदन अगले दिन स्कूल नहीं आया<br>(B) मदन और सुभाष मित्र बन गए<br>(C) सुभाष बहुत क्रोधित हो गया<br>(D) सुभाष शर्मिंदा हो गया<br><br>(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 22 | कहानी के अनुसार, विनम्रता हमें किस काम में मदद करती है?<br>(A) दुश्मन को सज़ा दिलाने में<br>(B) दूसरों से बदला लेने में<br>(C) ज़मींदारी करने में<br>(D) सम्मान पाने में<br><br>(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 23 | इस कहानी के अनुसार, 'बड़ा आदमी' किसे कह सकते हैं?<br>(A) जो सरल स्वभाव का हो<br>(B) जो अधिक धनवान हो<br>(C) जो उम्र में अधिक हो<br>(D) जो स्वाभिमानी हो | 1 |

**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**आओ तरबूज़ खाएँ**

तरबूज़ मीठा तो होता ही है। इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी भी होता है। गर्मी में पानी से राहत मिलती है, इसलिए हमें ऐसे फल खाने चाहिए, जिनसे खूब पानी मिले। तरबूज़ में बानवे प्रतिशत पानी होता है।

तरबूज़ कहाँ मिला?
ऐसा माना जाता है कि तरबूज़ सबसे पहले कालाहारी मरुस्थल, अफ़्रीका में पाया गया था। इसके स्वाद ने इसे पूरी दुनिया में लोकप्रिय बना दिया। 5000 ई.पूर्व, मिस्र (Egypt) में इसकी रिकॉर्ड तोड़ खेती हुई। 10वीं शताब्दी के आसपास में, तरबूज़ चीन पहुँचा और चीन दुनिया का पहले नंबर पर तरबूज़ की खेती करने वाला देश बन गया।

तरबूज़ की सब्ज़ी
वैसे हम सभी लोग तरबूज़ के भीतर वाले हिस्से को खाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इसके ऊपरी हिस्से को भी खाया जा सकता है। इसमें बहुत सारे पोषक तत्व (nutrients) होते हैं। लेकिन इसका स्वाद अच्छा नहीं होता, इसलिए कोई खाता नहीं। तरबूज़ की ऊपरी परत को सब्ज़ी की तरह बना सकते हैं, जैसे कद्दू (pumpkin) की सब्ज़ी बनती है, ठीक वैसे ही। चीन में तरबूज़ के ऊपरी हिस्से को कभी फेंका नहीं जाता। वहाँ पूरा तरबूज़ खाया जाता है।

तरबूज़ के फ़ायदे
तरबूज़ खाने से शरीर में कभी पानी की कमी नहीं होती। इसे खाने से गुर्दे (kidney) और दिल की बीमारी भी नहीं होती। तरबूज़ को फल और सब्ज़ी, दोनों कहते हैं। तरबूज़ खाने से दिमाग़ तेज़ होता है। इसमें विटामिन बी-6 बहुत अधिक मात्रा में होता है। इसमें विटामिन ए भी होता है, जिससे आँखों की रोशनी तेज़ होती है।

जिस तरह किसी देश के राष्ट्रीय पक्षी और फूल होते हैं, ठीक उसी तरह अमेरिका के उत्तरी टेक्सास में स्थित ओक्लाहोमा की यह राजकीय सब्ज़ी है। आप इसे सलाद, सब्ज़ी और फल के रूप में भी खा सकते हैं। चीन और जापान में तो इसे तोहफ़े के रूप में दिया जाता है।

अमेरिका और मेक्सिको में 200-300 तरह के तरबूज़ उगाए जाते हैं, जिनमें 50 तरह के तरबूज़ बहुत प्रचलित हैं। जापान में चौकोर तरबूज़ भी उगाए जाते हैं। दुनिया में करीब 96 देशों में 1200 से ज़्यादा प्रकार के तरबूज़ उगाए जाते हैं। हाल ही में गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में, 121.93 किलोग्राम वज़न वाले तरबूज़ का रिकॉर्ड दर्ज़ किया गया है।

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 24 | कालाहारी मरुस्थल से, इनमें से किस विकल्प को जोड़ा जा सकता है?<br>(A) तरबूज़ का सर्वप्रथम पाया जाना<br>(B) चौकोर तरबूज़ों का उगाया जाना<br>(C) तरबूज़ के ऊपरी हिस्से का खाया जाना<br>(D) 300 प्रकार के प्रचलित तरबूज़ उगाए जाना<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 25 | 'तरबूज़ में **बानवे** प्रतिशत पानी होता है।'<br>रेखांकित शब्द के लिए इनमें से कौन-सी संख्या सही होगी?<br><br>(A) 52<br>(B) 62<br>(C) 72<br>(D) 92<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 26 | तरबूज़ इनमें से शरीर के किन अंगों के लिए फ़ायदेमंद है?<br>(i) गुर्दे, (ii) दिमाग़, (iii) दिल, (iv) आँखें<br>(A) केवल (i) के लिए<br>(B) केवल (ii) और (iii) के लिए<br>(C) केवल (iv) के लिए<br>(D) उपरोक्त सभी के लिए<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 27 | तरबूज़ को ------------में  मुख्य सब्ज़ी माना जाता है।<br><br>निम्नलिखित में से सही विकल्प चुन कर रिक्त स्थान भरें।<br><br>(A) ओक्लाहोमा<br>(B) कालाहारी<br>(C) मेक्सिको<br>(D) जापान<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 28 | आँखों की तेज़ रोशनी के लिए तरबूज़ का उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि इसमें -------------होते हैं।<br>(A) विटामिन-बी-6<br>(B) विटामिन-सी<br>(C) विटामिन-के<br>(D) विटामिन-ए<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 29 | तरबूज़ को भेंट के रूप में देने की प्रथा कहाँ पर है?<br>(A) मिस्र और चीन में<br>(B) चीन और जापान में<br>(C) जापान और अफ़्रीका में<br>(D) अमेरिका और मेक्सिको में<br><br>**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 30 | दिए गए विकल्पों में से सही **शब्दकोश-क्रम** वाला विकल्प चुनें।<br>(A) कंकड़, किताब, ककड़ी, कुम्हार, क्षमा<br>(B) कंकड़, ककड़ी, किताब, कुम्हार, क्षमा<br>(C) ककड़ी, कुम्हार, किताब, क्षमा, कंकड़<br>(D) ककड़ी, किताब, कुम्हार, क्षमा, कंकड़<br><br>**(HIN615: दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)** | 1 |
| 31 | "गौरव की परीक्षा का परिणाम देखकर, उसके पिता जी ने उसकी **पीठ ठोकी**।"<br><br>यहाँ रेखांकित भाग एक **मुहावरा** है। इनमें से इस मुहावरे का सही अर्थ क्या होगा?<br>(A) शाबाशी देना<br>(B) पिटाई करना<br>(C) धक्का देना<br>(D) इनाम देना<br><br>**(HIN616: दक्षता : विद्यार्थी सरल मुहावरों को संदर्भ में समझकर उनका वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 32 | 'दिल्ली की सर्दियों में कोहरा इतना बढ़ जाता है कि कुछ भी दिखाई नहीं देता।'<br><br>रेखांकित भाग के लिए इनमें से कौन-सा **मुहावरा सबसे उचित** होगा?<br>(A) आँखें भर जाना<br>(B) हाथ मलते रह जाना<br>(C) हाथ को हाथ न सूझना<br>(D) आँखों पर पर्दा पड़ जाना | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | **(HIN616: दक्षता : विद्यार्थी सरल मुहावरों को संदर्भ में समझकर उनका वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)** | |
| 33 | मेरे घर में हिंदी की पत्रिका **हफ़्ते में एक बार** ही आती है।<br><br>रेखांकित भाग के लिए इनमें से सही शब्द चुनें।<br><br>(A) साप्ताहिक<br>(B) पाक्षिक<br>(C) वार्षिक<br>(D) दैनिक | 1 |
| | **(HIN614: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं।)** | |
| 34 | 'चिड़िया का बच्चा उड़ने के लिए पंख **'फैलाना'** चाहता था, लेकिन उसके पंख अभी बहुत छोटे थे।'<br><br>ऊपर रेखांकित शब्द के लिए सही **विलोम** शब्द चुनें।<br>(A) सिकोड़ना<br>(B) मरोड़ना<br>(C) रगड़ना<br>(D) जोड़ना | 1 |
| | **(HIN614: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं।)** | |
| | नीचे दी गई कविता को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।<br><br>**किताब**<br><br>(1)<br>सबसे अच्छी दोस्त किताब<br>बाकी सब हैं इसके बाद।<br>इसमें जीसस, इसमें मौला<br>गंगा-जमुना का **दोआब***।<br><br>(2)<br>किताबों में पशु और पक्षी<br>बातें होतीं अच्छी-अच्छी।<br>रख लेना इनको दिमाग में<br>खुल जाएँगे बंद **कपाट***। | |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

(3)
आज की बातें, कल की बातें
धरती और सूरज की बातें।
रंग की बातें, ढंग की बातें
तितली और भौरों की बातें।

(4)
इसमें कविता और कहानी
जादूगरनी, बूढ़ी नानी।
तरह-तरह के रंग समेटे
बातें हैं जानी-अनजानी।

(5)
करें आज प्यारा संकल्प
ज्ञान नहीं रखेंगे अल्प।
जिसमें इंद्रधनुष से ख़्वाब
लाएँगे एक नई किताब।

**शब्दार्थ:**
***दोआब:** दो नदियों का संगम
***कपाट:** दरवाज़ा
***अल्प:** कम, थोड़ा

35 कविता के अनुसार, इनमें से किताबों के बारे में कौन-सा कथन सबसे उचित है? 1
(A) किताबें हमारी रक्षा करती हैं।
(B) किताबें हमारे साथ खेलती हैं।
(C) किताबें हमें जानकारी देती हैं।
(D) किताबें हमारे साथ पढ़ने जाती हैं।

**(HIN603: दक्षता : विद्यार्थी किसी कहानी का संक्षेप / पद कर उसका सार बता सकते हैं, निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं, प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

36 किताबों से 'बंद कपाट' किस प्रकार खुलते हैं? 1
(A) किताबों में बने विभिन्न चित्र देखने से
(B) किताबों को संभाल कर रखने से
(C) किताबों से ज्ञान प्राप्त करने से
(D) किताबों को प्रणाम करने से

**(HIN603: दक्षता : विद्यार्थी किसी कहानी का संक्षेप / पद कर उसका सार बता सकते हैं, निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं, प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 37 | 'रंग की बातें, ढंग की बातें'<br><br>कविता की इस पंक्ति का इनमें से क्या सही अर्थ है?<br><br>(A) किताबों की बातें अलग ढंग की होती हैं।<br>(B) किताबों में सिर्फ़ रंगों के बारे में बातें होती हैं।<br>(C) किताबों में ज्ञान और मनोरंजन दोनों होता है।<br>(D) किताबों में सिर्फ़ रंग-बिरंगे चित्र ढंग से सजे होते हैं।<br><br>**(HIN603: दक्षता : विद्यार्थी किसी कहानी का संक्षेप / पद कर उसका सार बता सकते हैं, निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं, प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 38 | कविता के अनुसार, इनमें से किन बातों से किताबों में रंग भर जाते हैं?<br>(i) विज्ञान की (ii) कविता और कहानी की (iii) पशु-पक्षियों की<br>(A) केवल (i)<br>(B) केवल (ii)<br>(C) केवल (iii)<br>(D) ऊपर बताई गई सभी बातों से<br><br>**(HIN603: दक्षता : विद्यार्थी किसी कहानी का संक्षेप / पद कर उसका सार बता सकते हैं, निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं, प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 39 | कविता के पाँचवें पद के माध्यम से कविता में यह संदेश दिया गया है कि -------------------------------------।<br>(A) हमें अधिक-से-अधिक किताबें पढ़नी चाहिए<br>(B) हमें ज्ञान को सदैव कम ही रखना चाहिए<br>(C) हमें हमेशा नई किताब ही पढ़नी चाहिए<br>(D) हमें हमेशा संकल्प करते रहना चाहिए<br><br>**(HIN603: दक्षता : विद्यार्थी किसी कहानी का संक्षेप / पद कर उसका सार बता सकते हैं, निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं, प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 40 | यदि भारती का नाम 'प वर्ग' में आता है, तो **मनोज** का नाम इनमें से किस वर्ग में आएगा?<br>(A) क वर्ग में<br>(B) च वर्ग में<br>(C) ट वर्ग में<br>(D) प वर्ग में<br><br>**(HIN615: दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 41 | 'स्टेशन से रेलगाड़ी बिना रुके --------------- हुई निकल गई।'<br><br>रिक्त स्थान के लिए इनमें से सबसे उचित शब्द चुनें।<br>(A) फड़फड़ाती<br>(B) धड़धड़ाती<br>(C) खड़खड़ाती<br>(D) हड़बड़ाती<br><br>**(HIN615: दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)**<br><br>निम्नलिखित निर्देश को पढ़कर प्रश्न के उत्तर दें।<br><br>दिशा, राधा, पवन, ऋषि और आकाश एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। परीक्षा के समय उन्हें वर्णमाला-क्रम में बिठाया गया। | 1 |
| 42 | इनमें से कौन-सा विकल्प सही वर्णमाला-क्रम को दिखा रहा है?<br>(A) दिशा, पवन, राधा, ऋषि, आकाश<br>(B) आकाश, ऋषि, दिशा, पवन, राधा<br>(C) ऋषि, पवन, दिशा, राधा, आकाश<br>(D) आकाश, पवन, दिशा, राधा, ऋषि<br><br>**(HIN615: दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)** | 1 |
| 43 | इसी कक्षा में पढ़ने वाले 'नरेश' को इसी क्रम में, इनमें से **किसके बाद** बिठाया जा सकता है?<br>(A) दिशा के<br>(B) राधा के<br>(C) पवन के<br>(D) आकाश के<br><br>**(HIN615: दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)** | 1 |
| 44 | गाँव में जब भी **हाट** लगता है, तब दूर-दूर से लोग वहाँ जाते हैं।<br>इनमें से रेखांकित शब्द के नज़दीक अर्थ वाला शब्द चुनें।<br><br>(A) सिनेमा<br>(B) दुकान<br>(C) बाज़ार<br>(D) सर्कस<br><br>(HIN614: दक्षता : **विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 45 | 'जो दिखाई न देता हो', उसके लिए इनमें से कौन-सा **सही वर्तनी वाला** शब्द हो सकता है?<br>(A) अरद्दश्य<br>(B) अर्दश्य<br>(C) अद्रश्य<br>(D) अद्दश्य<br><br>(**HIN615: दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)** | 1 |
| 46 | पंद्रह अगस्त के उत्सव के समय सभी बहादुर बच्चों को सरकार की ओर से सम्मानित किया जाता है।<br><br>रेखांकित शब्दए लिए उचित विलोम शब्द चुनें।<br><br>(A) आदर<br>(B) वर्जित<br>(C) उपहार<br>(D) अपमानित<br><br>(**HIN614: दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं।)** | |

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर और समझकर प्रश्न के उत्तर दें।

**शिक्षक दिवस**



5 सितंबर को प्रतिवर्ष देशभर में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। क्या आप जानते हैं कि शिक्षक दिवस किसकी याद में मनाया जाता है? शिक्षक दिवस का आयोजन देश के महान **दार्शनिक*** और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन चाहते थे कि देश के शिक्षकों का स्तर ऊँचा हो। राष्ट्रपति बनने के बाद जब कुछ विद्यार्थियों और मित्रों ने उनके जन्मदिन को मनाने की इच्छा व्यक्त की तब उन्होंने कहा, "उचित हो कि इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए न कि मेरे जन्मदिन के रूप में।" उस दिन से 5 सितंबर को शिक्षक दिवस घोषित कर दिया गया।

स्वतंत्र भारत के पहले उप-राष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर, 1888 को तमिलनाडु के एक पवित्र तीर्थ स्थल तिरुत्तनी गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री सर्वपल्ली वीरस्वामी और माता का नाम श्रीमती सीताम्मा था। वीरस्वामी एक गरीब ब्राह्मण थे और तिरुत्तनी कस्बे के ज़मींदार के यहाँ एक साधारण कर्मचारी के रूप में कार्य करते थे। डॉ. राधाकृष्णन की स्कूल की पढ़ाई तिरुपति के एक ईसाई मिशन स्कूल में हुई थी। शिक्षा के प्रति रुचि ने उनके व्यक्तित्व को मज़बूती दी। डॉ. राधाकृष्णन को देश की

संस्कृति से बहुत प्यार था। ज्ञान और शिक्षा के प्रति डॉ. राधाकृष्णन के मन में अपार श्रद्धा थी। यही कारण था कि आरंभ से लेकर अंतिम कक्षा तक उन्होंने सदैव प्रथम श्रेणी ही प्राप्त की।

शिक्षा और राजनीति में महत्त्वपूर्ण योगदान देने के लिए भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने डॉ. राधाकृष्णन को वर्ष 1954 में देश का सबसे सम्माननीय पुरस्कार 'भारत रत्न' प्रदान किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य बहुत से सम्मान और उपाधियाँ भी प्राप्त कीं। उन्हें अमेरिकी सरकार द्वारा टेंपलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो कि धर्म के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार को ग्रहण करने वाले वे पहले ग़ैर-ईसाई व्यक्ति थे। इस पुरस्कार की पूरी राशि उन्होंने ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी को दान कर दी थी। उन्हें आज भी शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श शिक्षक के रूप में याद किया जाता है।

**शब्दार्थ:**
***दार्शनिक:** Philosopher, जीवन से जुड़ी हुई बातों को जानने वाला

47 शिक्षक दिवस का डॉ. राधाकृष्णन से क्या संबंध है?

(A) राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।
(B) राधाकृष्णन के जन्म के साथ ही शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा।
(C) राधाकृष्णन शिक्षक दिवस मनाने के लिए ही उप-राष्ट्रपति बने।
(D) राधाकृष्णन के परिवार में सभी लोग शिक्षक थे।

(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

48 इनमें से डॉ. राधाकृष्णन के बारे में कौन-सा कथन सही है?

A. वे राष्ट्रपति बनने वाले पहले ग़ैर-ईसाई व्यक्ति थे।

B. वे भारत रत्न प्राप्त करने वाले पहले ग़ैर-ईसाई व्यक्ति थे।

C. उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए अमेरिका से पुरस्कार प्राप्त किया।

D. उन्होंने अपने जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा व्यक्त की।

(**HIN608**: **दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

49 डॉ. राधाकृष्णन ने धर्म के क्षेत्र में किए गए विशेष कामों के लिए इनमें से कौन-सा सम्मान प्राप्त किया?

(A) राष्ट्रीय
(B) टेंपलटन
(C) भारत रत्न
(D) कोई नहीं

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

50 '...देश का सबसे सम्माननीय पुरस्कार...' - गद्यांश में इस रेखांकित भाग के लिए सही वर्तनी वाला अन्य शब्द चुनें।

A. सवोर्च्च

B. सर्वोच्च

C. सवोर्च

D. सर्वोच

**(HIN608: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ६ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

51 *तुम तो बस_____ करो, यह व्यायाम तुम्हारे______ नहीं है।*

समान सुनाई देने वाले उचित शब्दों का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

| **Description** |
|---|
| (1) योग<br>(2) योग्य<br><br>*प्रत्येक सही शब्द के लिए 1 अंक दें।* |

Maximum marks: 2

**(HIN613: दक्षता : विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, उपसर्ग, प्रत्यय संधि का संदर्भ/वाक्यों में प्रयोग कर सकते हैं।)**

52 निम्नलिखित शब्दों की मूल धातु लिखिए।

(क) आना

(ख) पढ़ा

| **Description** |
|---|
| (क) आ<br>(ख) पढ़<br><br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 0.5 अंक दें।* |

Maximum marks: 1

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

(**HIN615**: **दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।)**

53 'आई' प्रत्यय से बनने वाले तीन शब्द लिखिए।

| Description |
|---|
| मिठाई, भलाई, पढ़ाई<br><br>*प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दें। अन्य सही शब्द पर भी विचार करें।* |

Maximum marks: 3

(**HIN614**: **दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं।)**

54 मधु' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए।

| Description |
|---|
| शहद, मीठा, सोमरस, बसंत ऋतु<br><br>*किन्हीं दो अर्थों के लिखने पर 1 अंक दें।* |

Maximum marks: 3

(**HIN614**:**दक्षता : विद्यार्थी समरूपी भिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज शब्द और समानार्थी शब्द को समझ सकते हैं।)**

55 *तत्सम शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।*

| Description |
|---|
| ऐसे शब्द जिन्हें संस्कृत भाषा से ज्यों का त्यों उठाकर किसी अन्य भाषा में प्रयुक्त किया जाता है। जैसे घृत, आम्र, गृह आदि।<br><br>*परिभाषा के लिए 1 अंक और उदाहरण के लिए 1 अंक दें।* |

Maximum marks: 2

(**HIN615**: **दक्षता : विद्यार्थी वाक्य निर्माण और पदक्रम को समझ सकते हैं।**

## Marking Scheme

| Q No. | Rubric | Marks |
|---|---|---|
| 1 | Correct Answer: D | 1 |
| 2 | Correct Answer: C | 1 |
| 3 | Correct Answer: D | 1 |
| 4 | Correct Answer: B | 1 |
| 5 | Correct Answer: C | 1 |
| 6 | Correct Answer: A | 1 |
| 7 | Correct Answer: B | 1 |
| 8 | Correct Answer: C | 1 |
| 9 | Correct Answer: B | 1 |
| 10 | Correct Answer: D | 1 |
| 11 | Correct Answer: A | 1 |
| 12 | Correct Answer: C | 1 |
| 13 | Correct Answer: B | 1 |
| 14 | Correct Answer: D | 1 |
| 15 | Correct Answer: A | 1 |
| 16 | Correct Answer: C | 1 |
| 17 | Correct Answer: B | 1 |
| 18 | Correct Answer: C | 1 |
| 19 | Correct Answer: D | 1 |
| 20 | Correct Answer: B | 1 |
| 21 | Correct Answer: B | 1 |
| 22 | Correct Answer: D | 1 |
| 23 | Correct Answer: A | 1 |
| 24 | Correct Answer: A | 1 |
| 25 | Correct Answer: D | 1 |
| 26 | Correct Answer: D | 1 |
| 27 | Correct Answer: A | 1 |
| 28 | Correct Answer: D | 1 |

| Q No. | Rubric | Marks |
|---|---|---|
| 29 | Correct Answer: B | 1 |
| 30 | Correct Answer: B | 1 |
| 31 | Correct Answer: A | 1 |
| 32 | Correct Answer: C | 1 |
| 33 | Correct Answer: A | 1 |
| 34 | Correct Answer: A | 1 |
| 35 | Correct Answer: C | 1 |
| 36 | Correct Answer: C | 1 |
| 37 | Correct Answer: C | 1 |
| 38 | Correct Answer: D | 1 |
| 39 | Correct Answer: A | 1 |
| 40 | Correct Answer: D | 1 |
| 41 | Correct Answer: B | 1 |
| 42 | Correct Answer: B | 1 |
| 43 | Correct Answer: A | 1 |
| 44 | Correct Answer: C | 1 |
| 45 | Correct Answer: D | 1 |
| 46 | Correct Answer: D | 1 |
| 47 | Correct Answer: A | 1 |
| 48 | Correct Answer: D | 1 |
| 49 | Correct Answer: B | 1 |
| 50 | Correct Answer: B | 1 |

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING, HARYANA
AND
EDUCATIONAL INITIATIVES